## सार-समाचार

### रमजान के पहले जुम्मे में मस्जिदों में उमडी मोमीनों की भीड

**जालौर, (कासं)।** पाक महीने रमजान के पहले जुम्मे पर शहर पूरी तरह इबादत के रंग में रंगा नजर आया। शुक्रवार सुबह से ही मस्जिदों में अकीदतमंदों की आवाजाही शुरू हो गई और जुम्मे की नमाज के समय तक मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। रोजेदारों में खासा उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं और पुरुषों ने रोजा रखकर दिनभर तिलावत-ए-कुरआन, जिक्र और दुआओं में वक्त गुजारा तथा मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।शहर के शाही जामा मस्जिद के मौलाना मोहम्मद मारूफ साहब ने खुत्बे में रमजान माह की फजीलत बयान करते हुए कहा कि हर मोमिन पर नमाज और रोजा फर्ज है। उन्होंने कहा कि इस पाक महीने में कुरआन शरीफ की ज्यादा से ज्यादा तिलावत करनी चाहिए और पांच वक्त की नमाज पाबंदी के साथ अदा करनी चाहिए। रमजान सब्र, परहेजगारी और नेकियों का महीना है, जिसमें हर नेक अमल का सवाब कई गुना बढा दिया जाता है।इसी तरह पिंजारां मस्जिद, सिलावटान की मस्जिद और ऊपर कोटा मस्जिद सहित शहर की अन्य मस्जिदों में भी जुम्मे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज से पहले इमामों ने रोजे की अहमियत और नेक अमल की ताकीद की।नमाज के दौरान मस्जिदों में सफें पूरी तरह भर गईं और कई स्थानों पर लोगों को बाहर तक खडे होकर नमाज अदा करनी पडी। इमामों ने अपने खुत्बों में भाईचारे, सब्र और जरूरतमंदों की मदद का पैगाम दिया। नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले लगकर रमजान की मुबारकबाद दी।

### माजीसा धाम में फाग महोत्सव एक मार्च को, तैयारियां शुरू

**जोधपुर, (कासं)।** हर साल की तरह इस वर्ष भी फागण सुदी तेरस को दाता सवाई सिंह भोमिया सा भक्त मंडल द्वारा फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। माजीसाधाम गांधी नगर, माता का थान जोधपुर में मनाये जाने वाले महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। गादीपति मोहनलाल ने बताया कि मां भटियाणी व उनके पौत्र सवाई सिंह भोमियाजी के धाम में होली के पावन पर्व पर फागुन शुद्धि चांदनी तेरस, 1 मार्च को शाम 6 बजे भक्तों द्वारा फाग महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें फूलों से होली खेली जाएगी। उम्मेद सिंह को महोत्सव का संयोजक बनाया गया है।

### जेडीसी उत्साह चौधरी ने ली समीक्षात्मक बैठक

**जोधपुर, ( कासं)।** जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा प्राधिकरण उच्च अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उपसचिव कंचन राठौड़, उपायुक्तगण मुकेश बारेठ, वीरेंद्र सिंह, अदिति पुरोहित, प्रवीण रत्नू, निदेशक वित्त मंजीत चारण, निदेशक अभियांत्रिकी महेंद्र सिंह पंवार, निदेशक आयोजना सुनिल चौहान, डीएलआर सुरेंद्र सिंह, एसीपी कैलाश जोशी, तहसीलदारगण, अभियन्तागण सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहें। आयुक्त उत्साह चौधरी ने प्राधिकरण की ऑनलाईन सेवाओं के बकाया प्रकरणों एवं राज-काज ई-फाईल डिस्पोजल रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए पत्रावलियों को समयबद्धता से निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए । आयुक्त चौधरी ने राजस्थान सम्पर्क, लोकायुक्त, विधानसभा प्रश्नोत्तर, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राधिकरण से संबंधित प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा कर बकाया प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ज़ीरो पेंडेंसी रखने के निर्देश प्रदान किए गए।

### अवैध डोडापोस्त के साथ दो गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर की बनाड़ और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त के साथ दो युवकों को पकड़ा है। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाए गए है। बनाड़ पुलिस थाने के एसआई राजूराम ने सारण नगर क्षेत्र में गश्त के समय एक युवक की तलाशी ली तब उसके पास में 475 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर आरोपी रामड़ावास कलां कापरड़ा हाल प्रेम नगर माता का थान निवासी भींयाराम पुत्र सुखाराम को गिरफ्तार किया। इसी तरह चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने की एसआई सुलोचना ने सेक्टर 21 सीएचबी के मोड़ पर कानुका फिटकासनी निवासी बुधाराम पुत्र तेजाराम की तलाशी ली तब उसके पास में 477 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाया गया।

### शादी समारोह में हवाई फायर का वीडियो वायरल : पुलिस के हत्थे चढ़ा घराती

**जोधपुर, ( कासं)।** निकटवर्ती मथानिया के उम्मेद नगर में गुरूवार की रात को एक शादी समारोह के आयोजन में घराती की तरफ से दुनाली से हवाई फायरिंग की गई। दो राउण्ड फायरिंग की गई, जिसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आम्र्स एक्ट में केस दर्ज किया गया। प्रशिक्षु आरपीएस नवनीत कौर की तरफ से मथानिया थाने में रिपोर्ट हुई। मथानिया के उम्मेद नगर स्थित संत कृपाराम नगर में एक शादी समारोह चल रहा था। तब एक शख्स ने दुनाली से दो बार हवाई फायरिंग करते हुए डांस किया गया। इसका वीडियो वायरल हो गया। पुलिस वहां पहुंची और हवाई फायरिंग करने वाले शख्स शेरनाथ पुत्र पीरनाथ को आम्र्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आम्र्स एक्ट में प्रकरण बनाया गया। यह दुनाली एमएल गन बताई गई है। यह गन लाइसेंससुदा थी अथवा अवैध इस बारे में पुलिस की पड़ताल जारी है।

### राज्यपाल पहुंचे जोधपुर, दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**जोधपुर,(कासं)।** राज्यपाल हरिभाउ बागडे शुक्रवार को दोपहर जोधपुर पहुंचे। जोधपुर पहुंचने पर उनकी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने अगवानी की। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यपाल आज दोपहर भीलवाड़ा से हेलीकॉप्टर द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल एयरपोर्ट से सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय के लिए रवाना हो गए। वहां उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सहभागिता की। राज्यपाल बागडे 21 फरवरी को सुबह 8.30 बजे ग्राम पंचडोलिया, जिला नागौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 2026 -निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन आज

**जालोर, (कासं)।** भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में 21 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया जायेगा।

### जागरूकता शिविर व वर्कशॉप का आयोजन

**जालोर, (कासं)।** जिले में पंच गौरव योजना के अंतर्गत शुक्रवार को रीको थर्ड फेज स्थित ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत चयन किए गए ग्रेनाइट आर्टिकल को प्रोत्साहन देने हेतु विशेष जागरूकता शिविर व वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामाराम देवासी ने बताया कि शिविर में उपस्थित जनसमूह को सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स द्वारा इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट, वाणिज्यिक कर आदि विषयों पर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उद्योग विभाग से संबंधित राज्य सरकार की उद्यम संबंधी योजनाओं यथा-राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, राजस्थान एक जिला-एक उत्पाद नीति, राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति, राजस्थान एमएसएम ई नीति, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमवायएसवाय), राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना (वीवाययूपीवाय) के बारें में पीपीटी के द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

# रिको करवाएगा 773 लाख के विकास कार्य

- **सुमेरपुर औद्योगिक क्षेत्र में आने वाले अणगौर में आगामी वित्तीय वर्ष में सड़क सुदृढीकरण, आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट एवं नालियों के निर्माण हेतु 160 लाख रुपए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है**

**पाली।** रिको आगामी दिनों में पाली व सुमेरपुर के नया गांव, मण्डिया रोड, पाली तथा सुमेरपुर के जाखानगर व अणगौर में 773 लाख रुपए के अनेक विकास कार्य करवाएगा। इसके लिए कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी है। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि सुमेरपुर के जाखानगर व अणगौर औद्योगिक क्षेत्र में रिको 251 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों को करवाएगा। सुमेरपुर औद्योगिक क्षेत्र में आने वाले अणगौर में आगामी वित्तीय वर्ष में सड़क सुदृढीकरण, आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट एवं नालियों के निर्माण हेतु 160 लाख रुपए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। वहीं, सुमेरपुर औद्योगिक क्षेत्र के ही जाखानगर में सड़कों के नवीनीकरण के लिए 91 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्र नया गांव, पाली में भी 325 लाख रुपए की लागत से डामर रोड व नालियों का निर्माण तथा औद्योगिक क्षेत्र मण्डिया रोड, पाली में एचटी एवं एलटी लाइन के उन्नयन का कार्य 197 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। साथ ही नया गांव के कर्मिशियल कॉम्पलैक्स में साढे 8 लाख रुपए की लागत से एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। वहीं, नया गांव कर्मिशियल कॉम्पलैक्स में साढे 13 लाख रुपए की लागत से बिजली की लाइन बिछाई जाएगी। सभी कार्यों के टेंडर हो चुके हैं, जल्द ही कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। आपको बता दें लंबे समय से व्यापारियों की ओर इस औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्यों को लेकर मंत्री श्री कुमावत के समक्ष मांग उठाई जा रही थी। व्यापारियों की भावनाओं को मंत्री श्री कुमावत ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा व उधोग मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ इस सम्बन्ध में अवगत करवाया था। इन कार्यों की स्वीकृति पर मंत्री कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का धन्यवाद ज्ञापित किया। औद्योगिक क्षेत्रों को मिली इस सौगात पर अणगौर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश परिहार, सचिव देवीप्रसाद लाखोटिया, जाख़ानगर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण कुमावत, उपाध्यक्ष दलीचंद जैन, सचिव भंवर सुथार, भाजपा जिलाध्यक्ष पाली सुनील भंडारी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि पाली पुखराज पटेल, महेंद्र बोहरा पूर्व जिलाध्यक्ष, नारायण सिंह राजपुरोहित, उगम राज, नरेश मेहता, भंवर चौधरी किसान केसरी, नवल किशोर उप जिला प्रमुख, तेजाराम भायल पूर्व पार्षद, शिवलाल प्रजापत पूर्व पार्षद, महेंद्र मेहता, सुमेरपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, सांसद प्रतिनिधि अनोप सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, नारायण सीरवी, प्रकाश चौधरी, पार्टी पदाधिकारियों और इंडस्ट्रीज एरिया के व्यापारियों ने मंत्री और क्षेत्रीय विधायक जोराराम कुमावत का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### माँ कात्यायनी देवी राज्य स्तरीय पशु मेला का हुआ समापन

**जालोर, (कासं)।** जालोर विधानसभा क्षेत्र के उपखंड सायला में जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग एवं मां कात्यायनी देवी पशु सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मां कात्यायनी देवी पशु मेला एवं भव्य पशु प्रदर्शनी के समापन अवसर पर सहभागिता दर्ज की। राज्य सरकार द्वारा आयोजित पशु मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पशुपालन परंपरा और हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उत्सव है। मेलें के दौरान विभिन्न पशुओं द्वारा विविध श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पशुपालक बंधुओं का अभिनंदन किया। साथ ही दूर – दराज से आगंतुक पशुपालकों से आत्मीय संवाद कर प्रदेश सरकार की पशुपालन संबंधी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की तथा उनसे लाभान्वित होने का आव्हान किया। इस अवसर महंत अमृतनाथ महाराज (निंबावास मठ), मां कात्यायनी देवी पशु मेला संरक्षक सुरेश राजपुरोहित, वरिष्ठ भाजपा नेता मंगलसिंह सिराणा, सायला उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, सायला पूर्व प्रधान हडमतसिंह सोढा सहित बडी संख्या में पशुपालक बंधुओं तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहीं।

## सार-समाचार

### सलूंबर एसपी को स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की निगरानी का आदेश

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने उदयपुर में पुलिस हिरासत के दौरान 18 वर्षीय युवक के साथ कथित अमानवीय व्यवहार के मामले में गंभीर नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट जस्टिस फरजंद अली की बेंच ने आरोपों को प्रथम दृष्टया चिंताजनक मानते हुए सलूंबर के पुलिस अधीक्षक को स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की निगरानी का आदेश दिया है। साथ ही स्पष्ट किया कि जांच आरपीएस रैंक से कम अधिकारी को न सौंपी जाए। हाईकोर्ट में पीड़ित युवक की बहन की ओर से अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने उदयपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए हैं कि 12 घंटे के भीतर युवक का बयान दर्ज किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वह किसी प्रकार के दबाव में न हो। संबंधित पुलिस निरीक्षक को मामले की आगे की कार्यवाही से दूर रखने के आदेश भी दिए गए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि युवक के साथ हिरासत में मारपीट की गई और उसे अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा। अदालत ने कहा कि यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो यह संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों और मानव गरिमा का उल्लंघन होगा। कोर्ट ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को तीन वरिष्ठ चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड गठित कर तीन दिन में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

### प्राइमरी स्तरीय पांचवीं व आठवीं बोर्ड की परीक्षा हुई शुरू

**पाली।** जिला प्राइमरी स्तरीय आठवीं व पांचवीं बोर्ड की परीक्षा आज से शुरू हुई, यह परीक्षा दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित हुई, शहर में विभिन्न परीक्षा केंद्र बनाए गए, श्रीमती चीमाबाई संचेती पैकेज कॉलोनी सीनियर सेकंडरी विद्यालय में पांचवीं बोर्ड के नन्हे मुन्ने बच्चे 1:00 बजे सेंटर पर पहुंचे, जहां विद्यालय स्टाफ ने बच्चों को रोल नंबर दिखाकर परीक्षा केंद्र में बैठाया, यहां के प्रिंसिपल राधेश्याम सोनी ने बताया कि इस केंद्र पर करीब आठ विद्यालय के 258 बच्चों ने भाग लिया, प्रथम दिन अंग्रेजी का पेपर हुआ।

# युवा अधिवक्ताओं के स्टाईपेंड संबंधित याचिका पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

- **संबंधित पक्षों को नोटिस जारी, जवाब तलब किया**

**जोधपुर, (कासं)।** युवा अधिवक्ताओं की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका अधिवक्ता मनीष टाक द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय में दायर की गई। उक्त याचिका पर आज सुनवाई हुई जिसमें न्यायालय द्वारा संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया।

याचिका में यह उल्लेख किया गया कि बार कौंन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा 15 अक्टूबर.2024 को एक व्यापक परिपत्र जारी कर देशभर की राज्य बार कौंन्सिलों एवं बार एसोसिएशनों को युवा अधिवक्ताओं को न्यूनतम मासिक स्टाईपेंड प्रदान करने की अनुशंसा की गई थी। इसकी अनुपालना में बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान ने उक्त परिपत्र राज्य की समस्त बार एसोसिएशनों को अग्रेषित किया गया था। साथ ही इस से पूर्व बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान द्वारा युवा अधिवक्ताओं के लिए स्टाईपेंड विधेयक का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किया गया था, जो वर्तमान में राज्य सरकार के पास लंबित है। अधिवक्ता मनीष टाक द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित को अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया गया था। तत्पश्चात् लोकसभा में भी कनिष्ठ अधिवक्ताओं की आर्थिक कठिनाइयों का मुद्दा उठाया गया, जहां विधि एवं न्याय मंत्री द्वारा समस्या को स्वीकार करते हुए बार कौंन्सिल ऑफ इण्डिया की अनुशंसाओं का उल्लेख किया गया। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य सरकार एवं बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान द्वारा उक्त विषय पर अब तक कोई ठोस एवं प्रभावी निर्णय नहीं लिया गया है।

याचिका में न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि राज्य सरकार एवं बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान को निर्देशित किया जाए कि युवा अधिवक्ताओं हेतु न्यूनतम मासिक स्टाईपेंड योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि न्याय व्यवस्था की आधारशीला माने जाने वाले युवा अधिवक्ता आर्थिक सुरक्षा एवं आत्मविश्वास के साथ अपना पेशा जारी रख सके। जन हित याचिका में अधिवक्ता मनीष टाक द्वारा स्वयं पैरवी की गई।

### दिव्यांग गतिविधि महोत्सव का हुआ आयोजन

**जालोर,(कासं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से साामाजिक समावेशन और दिव्यांग व्यक्तियों के बीच आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व सामाजिक दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर शुक्रवार को मूकबधिर आवासीय विद्यालय जालोर में एक दिवसीय दिव्यांग गतिविधि महोत्सव का आयोजन किया गया।विश्व सामाजिक दिवस पर मूक बधिर आवासीय विद्यालय के बच्चों द्वारा कैरम, म्यूजिकल चेयर, गैर प्रतिस्पर्धी, मनोरंजक और सहभागिता आधारित महोत्सव के रूप में खेल और गतिविधि के वातावरण से सहज और सकारात्मक रूप से परिचित करवाया गया। इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिलीप कुमार, कनिष्ठ लेखाकार राणाराम, पुष्पेन्द्र परमार, मूलसिंह राठौड़, शिवदयाल मीणा, फूलचंद, दौलतराम, हितेश गहलोत, रोशनलाल, संतोष कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# लांबा गांव में पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर मधुमक्खियों का हमला

- **घटना की सूचना पर तहसीलदार, जलदाय विभाग के अधिकारी, पुलिस और जल जीवन मिशन के ठेकेदार तुरंत मौके पर पहुंचे**

**जोधपुर, (कासं)।** जिले में बिलाड़ा उपखंड के लांबा गांव में पिछले लंबे समय से जारी पेयजल संकट ने शुक्रवार को उग्र रूप ले लिया। ग्रामीणों ने पानी की मांग को लेकर भावी रोड स्थित टंकी पर चढक़र और मटके फोडक़र भारी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मधुमक्खियों ने टंकी पर चढ़ कर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन एक युवती जान जोखिम में डालकर टंकी पर डटी रही। मधुमक्खियों के हमले में घायल दो युवकों को बिलाड़ा के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार दिया गया। लांबा गांव में पेयजल किल्लत से आक्रोशित ग्रामीण महिलाएं और पुरुष शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे ही खाली बर्तन लेकर सडक़ों पर उतर आए और मटके फोडक़र प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसी बीच, अपनी मांगों को मनवाने के लिए एक युवती सहित चार युवक गांव के बाहर बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए। घटना की सूचना पर तहसीलदार, जलदाय विभाग के अधिकारी, पुलिस और जल जीवन मिशन के ठेकेदार तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान अचानक टंकी पर मधुमक्खियों के तीन छत्तों में से संभवतया कोई एक छत्ता छिड़ गया, जिससे मधुमक्खियों ने टंकी पर चढ़े लोगों पर हमला बोल दिया।

मधुमक्खियों के काटने के कारण चारों युवक आनन-फानन में नीचे उतर आए, लेकिन प्रदर्शनकारी युवती मधुमक्खियों के खतरे के बावजूद अकेले ही टंकी पर डटी रही। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच लगभग दोपहर दो बजे तक चली लंबी समझाइश के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारा जा सका।

अधिकारियों ने बताया कि कापरड़ा से लांबा आने वाली मुख्य पाइपलाइन में अवैध कनेक्शनों की भरमार है, जिसके कारण गांव तक पानी का पर्याप्त दबाव नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग ने एक सप्ताह के भीतर पाइपलाइन पर किए गए सभी अवैध कनेक्शनों को हटाने की कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों ने दावा किया कि कार्रवाई के तुरंत बाद गांव में सुचारू रूप से पानी पहुंचा दिया जाएगा।

# निजी स्कूल में फाइबर ईंटों के सहारे टिका बोर्ड गिरा

- **5 साल की मासूम की दबने से मौत**

**सायला, (निसं)।** सायला उपखंड क्षेत्र के बावतरा स्थित मरुधर शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। स्कूल परिसर में खेल रही प्रथम कक्षा की एक छात्रा पर ईंटों के सहारे टिका भारी-भरकम बोर्ड गिर गया। मलबे और बोर्ड के नीचे दबने से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्कूल में हडकंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बालोतरा जिले के असाडा निवासी प्रीति कुमारी (5 वर्ष) पुत्री भंवरलाल मेघवाल इस निजी स्कूल में कक्षा प्रथम में पढती थी। शुक्रवार दोपहर 3.30 बजे के लगभग वह अन्य बच्चों के साथ परिसर में खेल रही थी। इसी दौरान क्लास में फाइबर ईंटों के सहारे रखा एक बोर्ड अचानक असंतुलित होकर बालिका पर गिर गया। ईंटो के नीचे दबने से प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गई। स्कूल स्टाफ उसे सायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों में स्कूल प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हादसे के बाद कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे हटा दिए गए ताकि हकीकत सामने न आ सके। परिजनों का कहना है कि स्कूल प्रशासन ने उन्हें घटना की जानकारी समय पर नहीं दी। मासूम प्रीति की मौत की खबर मिलते ही माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्ची के शव को सायला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और साक्ष्य जुटाने की कोशिश कर रहा है। महीपालसिंह, थानाधिकारी, सायला का कहना है कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित रिपोर्ट नहीं दी गई है, जिसके कारण पोस्टमार्टम की प्रक्रिया रुकी हुई है।

# विनोद जाखड़ को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त

**पाली ।** राजस्थान की राजनीति और छात्र नेतृत्व के लिए आज का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा राजस्थान के अध्यक्ष विनोद जाखड़ को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस घोषणा के साथ ही पाली सहित पूरे राजस्थान में युवाओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। पाली जिला के कार्यकारी अध्यक्ष गणपत पटेल ने बताया कि यह नियुक्ति न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के छात्र-युवा वर्ग के लिए गर्व का विषय है। पहली बार राजस्थान की धरती से कोई युवा राष्ट्रीय स्तर पर छात्र संगठन की कमान संभाल रहा है, जिससे प्रदेश के युवाओं में नई ऊर्जा, जोश और आत्मविश्वास का संचार हुआ है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान किए हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग से आने वाले युवा नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना सामाजिक समरसता और समानता का मजबूत संदेश देता है। यह निर्णय देश के युवाओं को मुख्यधारा में लाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा, पूर्व अध्यक्ष अजीज दर्द, चुन्नीलाल चाड़वास, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोर्धन देवासी, महावीर सिंह सुकरलाई, मदन सिंह जागरवाल, अमराराम पटेल, पिराराम पटेल, मंगलाराम पटेल भीण्डर, मांगू सिंह दुदावत, हाजी मेहबूब टी., प्रकाश सांखला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जीवराज चौहान, अभिलाष पिलाईं, नीलम बिड़ला, जीवराज बोराणा, सुनील रामावत, यशपाल सिंह कुम्पावत, राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विनोद जाखड़ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

जिलेभर में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर, आतिशबाजी कर एवं एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। सोशल मीडिया पर भी दिनभर बधाइयों का तांता लगा रहा और फोन कॉल के माध्यम से लगातार शुभकामनाएँ प्राप्त होती रहीं। गणपत पटेल ने विश्वास व्यक्त किया कि विनोद जाखड़ के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रेवत, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक /ग्रापं / 2025-26/155 — दिनांक : 18/2/2026

**निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**

ग्राम पंचायत रेवत द्वारा कुल 2 कार्यों हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB No.: ZJR2526A0787
UBN No.: ZJR2526WSOB01271 to 01272

रेखा देवी, प्रशासक, ग्राम पंचायत रेवत, पं. स. जालोर (राज.) — (महेन्द्र बालोत), ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रेवत, पं. स. जालोर (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रेवत, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक /ग्रापं / 2025-26/161 — दिनांक : 18/2/2026

**निविदा सूचना संख्या 07/2025-26**

ग्राम पंचायत रेवत द्वारा कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB No.: ZJR2526A0786
UBN No.: ZJR2526WSOB01270

रेखा देवी, प्रशासक, ग्राम पंचायत रेवत, पं. स. जालोर (राज.) — (महेन्द्र बालोत), ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रेवत, पं. स. जालोर (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / बोली/2025-26/102 — दिनांक : 20/02/2026

**-:: ई-बोली सूचना- 05/2025-26 ::-**

ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति जालोर में अटल ज्ञान सेवा केन्द्र निर्माण कार्य हेतु संकर्म की ई-बोली आमंत्रित की जाती है। ई- बोली दिनांक 26/02/2026, को 11.00 ए.एम. बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जानी होगी। प्राप्त ई-बोलियों को दिनांक 26/02/2026, 04.00 पी.एम. बजे उपस्थित बोलीदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कय समिति द्वारा पंचायत कार्यालय में खोली जावेगी। बोली से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in/ अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

NIB No.: ZJR2526A0790
UBN No.: ZJR 2526WSOB 01288

प्रशासक, ग्राम पंचायत देबावास, पंचायत समिति जालोर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत देबावास, पंचायत समिति जालोर

**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.**
Head Office: Near Haridav Joshi Circle, Jalore (Rajasthan)
Email ID :- headoffice @jaloreb.bank.in | Bank Website:- www.jalore.bank, in | Mobile No. 90798-06434

क्रमांक / जानासबैकलि / 16541 — **निविदा सूचना** — दिनांक 20.02.2025

बैंक के जालोर क्लब के पास नवीन भवन स्थित प्रधान कार्यालय एव शाखा के Ground Floor में निश्चित डिजाइन अनुसार ACP (Aluminium Composite Panel) Work कार्य अतिशीघ्र करवाया जाना प्रस्तावित हैं। इस हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो / कम्पनियों (GST Firm) से निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। अतः इच्छुक पंजीकृत एवं अनुभवी, प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा (Technical & Financial Bid) के अलग-अलग सील बन्द लिफाफे में दिः 27.02.2026 सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय में रखे गये टेण्डर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें। Layout Plan बैंक के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध हैं, जो निविदा शुल्क जमा करवाने पर प्राप्त कर सकते हैं। बैंक की अधिकृत कमेटी आवश्यकताओं के दृष्टिगत विभिन्न पहलुओं के आंकलन के आधार पर निविदा को अस्वीकृत / अंतिम रूप से स्वीकृत करने हेतु अधिकृत होगी, जो सभी पक्षों के लिए अंतिम रूप से बाध्यकारी होगा।

आज्ञा से, परमानन्द भट्ट, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) भगत की कोठी, जोधपुर**
पता : बासनी प्रथम फेस, भगत की कोठी, जोधपुर – 342005 (दूरभाष नम्बर – 0291-2721748)
Email ID : kums.bhagatkikothi@rajasthan.gov.in / Website : www.rsamb.rajasthan.gov.in

क्रमांक : प( ) BKT / आवंटन / 2025–26 / 20530772 — दिनांक : 17.02.2026

**आपत्ति सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति(अनाज), भगत की कोठी जोधपुर द्वारा मुख्य मण्डी प्रांगण भगत की कोठी में फुटकर दुकानों हेतु चिन्हित व रिक्त भूखण्डो का अचल सम्पति आवंटन नीति, 2005 के स्वीकृत प्रावधानों के अन्तर्गत आवंटन किये जाने हेतु पत्रांक / विज्ञप्ति क्रमांक 377 दिनांक 06.07.2023 जारी कर विभिन्न वर्गो के आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये अन्तिम तिथि दिनांक 11.08.2023 तक प्राप्त आवेदन पत्रों की पात्र एवं अपात्र आवेदको की सूचियां मुख्य कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई सूचियों के संबंध में संबंधित आवेदक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति / आपत्ति सूचना के प्रकाशन होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर निम्नहस्ताक्षरकर्त्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है, इस अवधि के पश्चात् प्राप्त किसी आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा प्राप्त आपत्तियों का मण्डी समिति के अभिलेख अवलोकन एवं जांच उपरान्त आवंटन समिति के समक्ष निस्तारण हेतु प्रस्तुत किये जायेगें, जिसका निर्णय अन्तिम होगा –

सो सूचित रहे।

राज.संवाद / सी / 25 / 20861 — सचिव

**कार्यालय उप वन संरक्षक वन्यजीव, जैसलमेर**

**निविदा सूचना सं. 98/2025-26 एवं 99/2025-26**

इस कार्यालय अधीन रेंज में विकास कार्य करवाने हेतु जारी निविदा का प्रकाशन दिनांक 16.02.2026 को राजकीय वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर अपलोड कर दिया है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| NIB Code | UBN No. |
|---|---|
| FOR2526A4079 | FOR2526 WSOB05624 |
| FOR2526A4098 | FOR2526 GSOB05645 |

उप वन संरक्षक, वन्यजीव, जैसलमेर